# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 28.06.2025 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में प्रख्यात जैन संत आचार्य विद्यानन्द जी महाराज की 100वीं जंयती समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विशेष स्माारक सिक्का और डाक टिकट भी जारी किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि महान जैन संत ने युवाओं को भारतीय संस्कृति के साथ जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस मौके पर श्री मोदी ने नौ संकल्पों का जिक्र करते हुए कहा कि इनके जरिये बेहतर भविष्य की परिकल्पना साकार हो सकती है। आचार्य विद्यानंद जैन एक प्रतिष्ठित आध्यात्मिक नेता और समाज सुधारक थे। उनकी 100वीं जयंती पर आयोजित श्रद्धांजलि समारोह एक वर्ष तक चलेगा।

**********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल आकाशवाणी पर मासिक मन की बात कार्यक्रम में देश विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। इस कार्यक्रम का प्रसारण दूरदर्शन, आकाशवाणी के अलावा विभिन्न प्लेटफार्म पर होगा।

**********************

कोडरमा सांसद सह केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने दिल्ली में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। उन्होंने राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने गुरुजी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। गौरतलब है कि शिबू सोरेन रुटीन चेकअप के लिए दिल्ली गये थे, लेकिन अस्पताल में ही उनकी तबीयत बिगड़ गयी। इधर, भाजपा नेता और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने हेमंत सोरेन से फोन पर बातचीत कर शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली।

**********************

लातेहार जिला स्थित विश्व प्रसिद्ध बेतला नेशनल पार्क 1 जुलाई से तीन महीने के लिए बंद करने का निर्णय लिया गया है। मॉनसून में वन्य जीवों के प्रजनन काल को देखते हुए पलामू टाइगर रिजर्व पीटीआर प्रबंधन ने 30 सितंबर तक पार्क में पर्यटकों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। पार्क में वन्य जीवों को शांति और सुरक्षा प्रदान करने के लिए यह पाबंदी लगाई गई है। इस दौरान पार्क के रखरखाव में लगे वनकर्मियों को ही पार्क में प्रवेश की अनुमति होगी।

**********************

लोहरदगा जिले मे मेडिटेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर लोगों को मेडिटेशन की जानकारी दी गई।

**********************

चतरा में झारखंड राज्य चतुर्थवर्गीय कर्मचारी संघ के सदस्य 4 सूत्री मांगों को लेकर आज हड़ताल पर हैं। संघ के जिला अध्यक्ष राहुल सिंह ने बताया कि 30 जून को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मुलाकात कर संघ की मांगों से अवगत कराया जाएगा।

**********************

गिरिडीह जिले के बगोदर थाना क्षेत्र के जीटी रोड पर आज सुबह एक तेज रफ्तार एंबुलेंस ने सवारियों से भरे एक ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गये। बगोदर सरिया के एसडीपीओ धनंजय राम ने बताया कि स्थानीय लोगों ने इस घटना के बाद जीटी रोड को कुछ देर के लिए जाम कर दिया था। सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया गया है।

**********************

मौसम विभाग ने राजधानी रांची, बोकारो और हजारीबाग में अगले कुछ घंटों में बारिश और वज्रपात की संभावना व्यक्त की है। रांची और आसपास के इलाके में आज सुबह से ही आसमान में काले बादल छाये हुए हैं। कई जगहों पर छिटपुट बारिश भी हो रही है। इस बीच मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि कल रांची, चतरा, हजारीबाग, लातेहार, लोहरदगा, रामगढ़ और गुमला में भारी बारिश हो सकती है। इसके साथ ही वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है। उन्होंने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

********समाप्त********